# DIGDARSHAN

MAY 2024
www.digamberfinance.com
digdarshan@digamberfinance.com

त्रैमासिक अंक

2024/जनवरी, फरवरी, मार्च


DIGAMBER FINANCE

# दिगम्बर फाइनेंस
## सच में सच करे सपने

## WTD का संदेश



**नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति।**

नारी समाज की कुशल शिल्पकार है। कल्याण की कामना नारी सम्मान पर ही निर्भर है। जहाँ स्त्रियों को कष्ट होता है वहाँ कुल, वंश सभ्यता का नाश होता है।

दिगम्बर परिवार इस विचारधारा से कार्य करते हुए अब तक 5 लाख ग्रामीण और अर्ध शहरी महिलाओ को उनकी आजीविका बढ़ाने और उन्हें वित्तीय तौर पर मजबूत और आत्म निर्भर बनाने के लिए वित्तीय सेवाएँ प्रदान कर चुका है। यह हमारी सफलता का 29वां वर्ष है और 29 वर्षों में दिगम्बर का प्रारंभिक कार्य सभी व्यक्तियों को वित्तीय सुविधा देकर उनके सपनों को साकार करना है। 1995 में हम दो लोगो ने ये सफर शुरु किया था जो आज 500000 से भी ज्यादा लोगो का परिवार बन चुका है ।

दिगम्बर स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त पर ध्यान देने के साथ एक सामाजिक रुप से जिम्मेदार संगठन बनने के लिए प्रतिबद्ध है हम 100% डिजिटल तरीके से लोन करने वाले वित्तिय संस्थानो में अग्रणी हैं ।

दिगम्बर एक गरीब की आशा बनकर उसके सपनों को साकार करने का उत्साह बन रहा है जैसा कि हमारी टैगलाइन "छोटा लोन बड़े सपने" में दिखाया गया है ।

वित्तीय वर्ष 2023-24 का समापन हो चुका है और उम्मीद है कि नए वित्तीय वर्ष 2024-25 कंपनी और इससे जुड़े हर व्यक्ति के लिए हर प्रकार से शुभ और सफल रहेगा।

**आशा है कि ये दिग्दर्शन का ये दूसरा संस्करण आपको बहुत अच्छा लगेगा।**

स्नेह
**अमित जैन**
WTD



# दिगम्बर कैपफिन लिमिटेड की पहल

## 1. वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान

कंपनी ने एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम लॉन्च किया है जिसमें कंपनी ने वित्तीय साक्षरता अभियान नाम से पुस्तिकाएं वितरित कीं। इस पुस्तिका में यह बताया गया है कि एक ग्रामीण महिला अपनी नकदी और संपत्ति की देखभाल कैसे कर सकती है और उस पद्धति को कैसे लागू करें जो उसके लिए वित्तीय साक्षर और स्वतंत्र बनने में सहायक हो।

पुस्तिका का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के बीच वित्तीय योजनाओं के स्तर को बढ़ाना है।






## 2. दिगम्बर फाइनेंस में कर्मचारियों को ट्रैनिंग

उत्पादकता प्रशिक्षण और विकास के महत्वपूर्ण लाभों में से एक है। सही कौशल और ज्ञान के साथ तैयार होने पर कर्मचारी अपना काम कुशलतापूर्वक और अच्छी तरह से करने में सक्षम होते हैं। उच्च उत्पादकता का अर्थ है प्रक्रियाओं में सुधार और लाभ बढ़ाना।

यहां हम प्रशिक्षण सत्र की कुछ तस्वीरें साझा कर रहे हैं जिसमें कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में कई चीजें सीखीं।





3. दिगम्बर ने नए साल के मौके पर अपने सदस्यों को कैलेंडर वितरित किये।



4. स्पर्श

मुहीम को आगे बढ़ते हुए हमारे डीसीएल के प्रमोटर्स और वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपने कर्मचारियों से मिलकर काम किया और उनको आने वाली परेशानियों को जाना और उन्हें अच्छी तरह से निपटने के लिए योजना बनाने के बारे में बताया।



# New Buddies

## दिगम्बर परिवार के नए सदस्य

### Chief Business Officer

कंपनी के व्यवसाय को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए कंपनी ने श्री नवीन कुमार मलिक को Chief Business Officer (CBO) के रूप में नियुक्त किया है। हम श्री नवीन कुमार मलिक का दिगम्बर परिवार में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत करते हैं।







### Mr. Vivek Singh-ZH

कंपनी के व्यवसाय को उत्तर प्रदेश क्षेत्र में ऊंचाई देने के लिए कंपनी ने श्री विवेक सिंह को जोनल हेड के रूप में नियुक्त किया है। हम श्री विवेक सिंह का दिगम्बर परिवार में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत करते हैं।

### निम्नलिखित सूचीबद्ध व्यक्ति विभिन्न पदनामों पर दिगम्बर परिवार में शामिल हुए हैं

| Emp ID | Name | Designation | Place | Date of Appointment |
|---|---|---|---|---|
| 14976 | Yogendra Pal Singh Chauhan | Senior Regional Manager | Behror | 22-Jan-2024 |
| 15108 | Satish Kumar Khatri | Manager | Head Office | 19-Feb-2024 |
| 15231 | Kanhiya Lal | Regional Manager | Kota | 11-Mar-2024 |
| 15325 | Anurag Mishra | Senior Regional Manager | Shahjahanpur | 01-Apr-2024 |
| 15335 | Samay Singh | Regional Manager | Kapurthala | 02-Apr-2024 |

# दिगम्बर में विभिन्न समारोह

## दिगम्बर में गणतंत्र दिवस समारोह







# बसंत पंचमी का त्यौहार

हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था और इसलिए उनसे ज्ञान और कला प्राप्त करने के लिए लोग बसंत पंचमी को सरस्वती पूजा के रूप में मनाते हैं।




दिगम्बर में बसंत पंचमी पर की गई मां सरस्वती की पूजा की झलकियां...

# दिगम्बर में महिला दिवस समारोह

**हम सभी हर साल महिला दिवस मनाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसे क्यों मनाया गया**

"1910 में कामकाजी महिलाओं का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कोपेनहेगन में आयोजित किया गया था। क्लारा ज़ेटकिन (जर्मनी में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए 'महिला कार्यालय' की नेता) नाम की एक महिला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विचार रखा। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि अपनी मांगों पर जोर देने के लिए हर साल हर देश में एक ही दिन **महिला दिवस** मनाया जाना चाहिए।'

सम्मेलन में 17 देशों की 100 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति के साथ, ज़ेटकिन के सुझाव को स्वीकार कर लिया गया।




दिगम्बर में महिला दिवस की झलकियां...

## सफलता की कहानी दिग्दर्शन की जुबानी

### बिहार क्षेत्र की सफलता




### बांसवाड़ा क्षेत्र से OD एवं PAR संग्रहण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता

मैं शक्ति सिंह (4475) दिगम्बर परिवार में पिछले 5 साल से कार्यरत हूं मैने अपने कैरियर की शुरुवात दिगम्बर में RO के पद से की थी और आज में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत हूं मुझे ये बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि दिगम्बर परिवार सच में वह संस्था है जो आपके हर सपने को साकार करने में हमारी मदद करती है इन 5 सालो में दिगम्बर परिवार में बहुत कुछ सीखने को मिला है सभी सीनियर का मार्गदर्शन और काम के प्रति सहयोग हमेशा रहा है आप दुनिया की किसी भी संस्था में  चले जाए हर इंसान की पहचान उसके काम से होती है उसके नाम से नही। आपकी ईमानदारी और आपकी कड़ी मेहनत ही आपकी सफलता की कुंजी है जो कि सबके पास होती है बस जरूरत है तो उस कुंजी और उस हुनर को पहचाने की। वही दिगम्बर ने पिछले 6 महीने से बहुत बढिया इनसेटिव पॉलिसी लागू की है जैसे की पिछले कुछ महीने की कार्यप्रणाली में आपके साथ सांझा करना चाहता हूं । दिसंबर महीने में मेरे एरिया में मात्र 7 न्यू मेंबर का एरियर रहा है इसी प्रकार  जनवरी महीने में हमने पार अकाउंट पर काम शुरु किया है 722  पार मेंबर पर काम किया है 91+ 180 days में 154  अकाउंट क्लोज किए है   और write off 56 अकाउंट क्लोज किए है इस प्रकार जनवरी महीने में टोटल 237 पार मेंबर को क्लोज किए गए हैं इस नए जोश और जुनून में हमारे जोनल हेड देवेन्द्र जी सर की अहम भूमिका रही है वो सभी टीम से मिले उनके साथ नई इनसेटिव पॉलिसी की चर्चा की और उनको अपने सपने साकार करने की नई उमंग जगाई इस प्रकार 19 लाख 52 हजार का पार कलेक्शन किया गया है सिर्फ जनवरी महीने के  10 न्यू  अकाउंट पार में गए हैं इसी प्रकार फरवरी महीने में  टोटल 509 पार मेंबर पर काम किया गया  है जिसमे से 94 अकाउंट क्लोज हुवे है 91+180 days मे 44 अकाउंट क्लोज और write off में 44 अकाउंट क्लोज हुए हैं इस प्रकार 14 लाख 21 हजार पार कलेक्शन हमने फरवरी महीने में किया है और मात्र 11 अकाउंट फरवरी महीने में पार एरियर में गया है ।

मेरी टीम में सागवाड़ा ब्रांच से  BM राजेश कुमार सैनी बांसवाड़ा ब्रांच से बीएम जितेन्द्र जाट अरथूना से विधि सिंह FO में गोपाल राम यादव मोहन लाल चौधरी प्रकाशचंद्र का बहुत ही काबिले तारीफ़ योगदान रहा है ।

# फन कॉर्नर

## कार्टून

पिछले 12 महीनों में आपने बुखार के कारण 18 बार छुट्टियाँ ली हैं जो हमेशा केवल एक दिन के लिए होती हैं।मैंने आपका मामला आईसीएमआर और डब्ल्यूएचओ को बताया लेकिन उन्हें भी ऐसा कोई वायरस नहीं मिला जिसके कारण एक दिन का बुखार हो।

लगता है कि आपके लिए छुट्टियां लेने का बहाना बदलने का समय आ गया है।



## पहेली

**तो आइये कुछ ज्ञान परीक्षण हो जाये यहाँ दी गयी पहेलियों का जवाब दीजिये और सही उत्तर देने वालो का नाम दिग्दर्शन के अगले संस्करण में दिया जायेगा-**

सोनू की उलझन

नन्हे सोनू को जोड़, बाकी, गुणा, भाग का चस्का लग गया है। वह छोटी-छोटी संख्याओं से खेलता रहता है। एक बार उसने कहीं एक गणित की पहेली पढ़ी थी। घर आकर उसे लिख डाली। लेकिन उसने भूल से लिखे तीन समीकरणों में अंकों को उलट-पलट दिया। अब वह परेशान है। जिद्दी इतना कि जब तक सही नहीं लिख लेगा, खाना नहीं खाएगा। अरे, अब तो वह रोने भी लगा। मां ने पूछा तो उसने अपनी स्लेट मां के आगे कर दी। स्लेट पर लिखा था-

5-4 = 9
X
3÷2 = 6
=
8+7 = 1

मां ने देखा, अंकों को। फिर सोनू को पुचकार कर उसके आंसू पोंछे और उसकी समस्या दूर कर दी। सोनू खुश हो गया। 'चलो, अब खाना खा लो।' मां ने कहा। क्या आप बता सकते हैं, मां ने इन तीनों समीकरणों को कैसे व्यवस्थित किया?



# कर्मचारी कॉर्नर

## कविता

जो आज अपने है वो कल हकीकत होगा,

तू बस मेहनत कर।

जो आज औकात से बाहर है,

वो कल तेरी जेब में होगा।

गिरने के डर से रुक मत जाना,

जीत तो होगी पर पहले हारना होगा खुद को मजबूत करना होगा,

मंजिल तेरी है तुझे ही लड़ना होगा

क्यों लगे हो खुद को सही साबित करने में,

बस यूंही मेहनत करते रहो,

समय खुद तुम्हारी गवाही देगा।

**Vishnu Kumar Yadav**
**14066**





**Divya Kurup**
**5870**

## कविता

मैंने वर्दी में एक फ़रिश्ते को देखा है

जो कहते कि फासलों से रिश्ते घट जाते हैं,

मैंने उसे एक तस्वीर से इश्क करते देखा है

जो बुढ़ापे में मां को बोझ समझते हैं,

वहीं, मैंने एक मां की रक्षा के लिए

उस बेटे को एक मां से दूर होते देखा है

किसने कह दिया शूरवीर नहीं रहे

यहां की मिट्टी में, मैंने बच्चे-बच्चे में

'भगतसिंह' और 'आजाद' को देखा है

मैंने वर्दी में एक फ़रिश्ते को देखा है...

**Kajol 12279**



**Sahiba Sadana**
**11978**

## समय का सदुपयोग

किसी गांव में एक व्यक्ति रहता था। वह बहुत ही भला था लेकिन उसमें एक दुर्गुण था वह हर काम को टाला करता था। वह मानता था कि जो कुछ होता है भाग्य से होता है।

एक दिन एक साधु उसके पास आया। उस व्यक्ति ने साधु की बहुत सेवा की। उसकी सेवा से खुश होकर साधु ने पारस पत्थर देते हुए कहा- मैं तुम्हारी सेवा से बहुत प्रसन्न हूं। इसलिय मैं तुम्हे यह पारस पत्थर दे रहा हूं। सात दिन बाद मै इसे तुम्हारे पास से ले जाऊंगा। इस बीच तुम जितना चाहो, उतना सोना बना लेना।

उस व्यक्ति को लोहा नही मिल रहा था। अपने घर में लोहा तलाश किया। थोड़ा सा लोहा मिला तो उसने उसी का सोना बनाकर बाजार में बेच दिया और कुछ सामान ले आया।

अगले दिन वह लोहा खरीदने के लिए बाजार गया, तो उस समय महंगा मिल रहा था यह देख कर वह व्यक्ति घर लौट आया।

तीन दिन बाद वह फिर बाजार गया तो उसे पता चला कि इस बार और भी महंगा हो गया है। इसलिए वह लोहा बिना खरीदे ही वापस लौट गया।

उसने सोचा-एक दिन तो जरुर लोहा सस्ता होगा। जब सस्ता हो जाएगा तभी खरीदेंगे। यह सोचकर उसने लोहा खरीदा ही नहीं।

आठवें दिन साधु पारस लेने के लिए उसके पास आ गए। व्यक्ति ने कहा- मेरा तो सारा समय ऐसे ही निकल गया। अभी तो मैं कुछ भी सोना नहीं बना पाया। आप कृपया इस पत्थर को कुछ दिन और मेरे पास रहने दीजिए। लेकिन साधु राजी नहीं हुए।

साधु ने कहा-तुम्हारे जैसा आदमी जीवन में कुछ नहीं कर सकता। तुम्हारी जगह कोई और होता तो अब तक पता नहीं क्या-क्या कर चुका होता। जो आदमी समय का उपयोग करना नहीं जानता, वह हमेशा दु:खी रहता है। इतना कहते हुए साधु महाराज पत्थर लेकर चले गए।

**शिक्षा :-**

जो व्यक्ति काम को टालता रहता है, समय का सदुपयोग नहीं करता और केवल भाग्य भरोसे रहता है वह हमेशा दु:खी रहता है..!!

**सदैव प्रसन्न रहिये। जो प्राप्त है, पर्याप्त है**

**APURV JAIN**

12555

## लक्ष्य पर नजर

आप कितने सफल होंगे इसमें आपका लक्ष्य महत्वपूर्ण रोल निभाता है।

फुटबाल के जैसे जिंदगी में भी आप तब तक आगे नहीं बढ़ सकते जब तक आप अपने लक्ष्य न सेट कर ले।

अपने जीवन का महत्व तभी है जब वह किसी महान लक्ष्य के लिये समर्पित हो।

खोजेंगे अगर तभी तो रास्ते मिलेंगे

मंजिलो की तो फितरत होती हैं

खुद चलकर आती नही

हमें ही अपनी मंजिल की तरफ़

कदम बढ़ाना पड़ता हैं।

अगर आप खुशहाल जिंदगी जीना चाहते हैं तो उसे किसी लक्ष्य से बाँध कर रखो न कि लोगों या चीजों से।

वक्त के साथ बदल जाओ या फिर सीखो वक्त बदलना, मजबूरियों को कोसो मत, हर हाल में सीखो चलना।

उठो, जागो और तब तक मत रुको,जब तक अपने लक्ष्य को हासिल नही कर लेते।

तकदीर बदल जाएगी अगर रखो जिंदगी का कोई मकसद, वरना उम्र कट जाएगी तकदीर को दोष देते देते।

**Naveen Kumar**

14309



# कार्य वर्षगाँठ की बधाई

"कार्य वर्षगाँठ मुबारक हो! आपका समर्पण और कार्य हमारी टीम के लिए एक मूल्यवान संपत्ति है। अविश्वसनीय कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।

| ID | Name | Designation | Date of Joining | Yrs. | ID | Name | Designation | Date of Joining | Yrs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1020 | Raja Ram Jat | Senior Executive | 01-Jan-07 | 17 | 3889 | Ravi Kumar | Area Manager | 16-Jul-18 | 5 |
| 1031 | Kailash Prajapat | Assistant | 01-Mar-09 | 15 | 3930 | Mukesh Kumar | Area Manager | 01-Aug-18 | 5 |
| 1091 | Babu lal Meena | Circle Manager | 29-Feb-12 | 12 | 3965 | Ankit | Regional Manager | 08-Aug-18 | 5 |
| 2011 | Uttam Chand Mourya | Circle Manager | 23-May-12 | 11 | 3986 | Riddhi Sharma | Senior Manager | 20-Aug-18 | 5 |
| 2032 | Dharmendra Jangid | Vice President | 10-Dec-12 | 11 | 3999 | Arun Kumar | Area Manager | 03-Sep-18 | 5 |
| 2059 | Kanhiya Lal Jangid | Senior Executive | 08-Jul-13 | 10 | 4084 | Bhojraj Sisodiya | Field Officer | 20-Sep-18 | 5 |
| 2147 | Preeti Chopra | Assistant Head | 16-Apr-14 | 10 | 4108 | Anil Kumar | Area Manager | 09-Oct-18 | 5 |
| 2149 | Jugal Kishore Jangid | Manager | 28-Apr-14 | 9 | 4133 | Sonu Ram Yadav | Team Leader | 08-Oct-18 | 5 |
| 2151 | Ravindar Thakur | Area Manager | 21-Apr-14 | 10 | 4181 | Omprakash | Branch Manager | 17-Oct-18 | 5 |
| 2234 | Subhash Kumawat | Manager | 04-Aug-14 | 9 | 4188 | Jyoti Singh | Assistant Manager | 19-Oct-18 | 5 |
| 2302 | Manoj Kumar Jat | Manager | 01-Oct-14 | 9 | 4194 | Shubham Kumar | Area Manager | 22-Oct-18 | 5 |
| 2309 | Lalit Gour | Branch Manager | 10-Oct-14 | 9 | 4214 | Dinesh Yadav | Assistant Branch Manager | 12-Nov-18 | 5 |
| 2328 | Ratan Lal Jangid | Manager | 03-Dec-14 | 9 | 4231 | Devkaran Verma | Assistant Branch Manager | 12-Nov-18 | 5 |
| 2337 | Kamini Sharma | Senior Manager | 17-Dec-14 | 9 | 4257 | Prem Singh Yadav | Assistant Branch Manager | 14-Nov-18 | 5 |
| 2502 | Pradhan Jangid | Senior Executive | 16-Jul-15 | 8 | 4306 | Sunil Kumar | Senior Executive | 22-Nov-18 | 5 |
| 2676 | Uday Singh Shekhwat | Assistant Manager | 18-Jan-16 | 8 | 4363 | Pooja Saini | Assistant Manager | 01-Jan-19 | 5 |
| 2736 | Srikant Bohara | Assistant Head | 16-Feb-16 | 8 | 4376 | Krishan Kumar | Assistant Branch Manager | 02-Jan-19 | 5 |
| 2738 | Pawan Kumar | Business Head -West Division | 13-Feb-16 | 8 | 4405 | Suwalal Kumawat | Branch Manager | 08-Jan-19 | 5 |
| 2771 | Mahaveer Prasad Mehra | Area Manager | 01-Mar-16 | 8 | 4407 | Narayan Saini | Field Officer | 11-Jan-19 | 5 |
| 2787 | Amit Kumar | Circle Head | 07-Mar-16 | 8 | 4409 | Mukesh Choudhary | Area Manager | 16-Jan-19 | 5 |
| 2799 | Sunil | Circle Manager | 08-Mar-16 | 8 | 4416 | Richhpal Kheretia | Senior Executive | 21-Jan-19 | 5 |
| 2802 | Krishan Singh | Assistant Manager | 09-Mar-16 | 8 | 4433 | Rambilash | Security Guard | 01-Feb-19 | 5 |
| 2833 | Deepak Gotam | Circle Manager | 01-Apr-16 | 8 | 4439 | Ajeet Sharma | Security Guard | 02-Feb-19 | 5 |
| 2870 | Sudhir Sharma | Assistant Manager | 11-May-16 | 7 | 4464 | Varsha Modi | Assistant Manager | 05-Feb-19 | 5 |
| 2924 | Rakesh Kumar Saini | Manager | 20-Jun-16 | 7 | 4475 | Shakti Singh | Area Manager | 06-Feb-19 | 5 |
| 2971 | Sonu Saini | Assistant Manager | 01-Aug-16 | 7 | 4491 | Dilip kumar Nagar | Assistant Branch | 08-Feb-19 | 5 |
| 2986 | Chandra Shekhar Yadav | Manager | 15-Aug-16 | 7 | 4493 | Pankaj Kumar | Area Manager | 11-Feb-19 | 5 |
| 2993 | Amit Kumar | Regional Manager | 24-Aug-16 | 7 | 4530 | Sombeer Singh | Branch Manager | 13-Feb-19 | 5 |
| 3014 | Janak Singh | Circle Manager | 12-Sep-16 | 7 | 4545 | Dinesh Kumawat | Executive | 14-Feb-19 | 5 |
| 3073 | Rameshwar Singh | Regional Manager | 05-Oct-16 | 7 | 4554 | Bipin Kumar | Area Manager | 15-Feb-19 | 5 |
| 3083 | Naresh Kumar Saini | Assistant Manager | 10-Oct-16 | 7 | 4571 | Shravan Kumar Yadav | Assistant Branch Manager | 19-Feb-19 | 5 |
| 3106 | Manoj Kumar Sharma | Manager | 19-Dec-16 | 7 | 4584 | Sahil | Branch Manager | 21-Feb-19 | 5 |
| 3108 | Somvir | Regional Manager | 20-Dec-16 | 7 | 4603 | Rohitas Kumar | Executive | 01-Mar-19 | 5 |

| ID | Name | Designation | Date of Joining | Yrs. | ID | Name | Designation | Date of Joining | Yrs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3155 | Bihari Lal Gupta | Team Leader | 13-Feb-17 | 7 | 4610 | Varsha Kalunkhe | Senior Executive | 04-Mar-19 | 5 |
| 3157 | Arjun Kandara | Assistant Manager | 13-Feb-17 | 7 | 4613 | Mahipal Sharma | Regional Manager | 06-Mar-19 | 5 |
| 3188 | Urmila Saini | Senior Executive | 20-Mar-17 | 7 | 4615 | Jyoti Prakash | Executive | 06-Mar-19 | 5 |
| 3202 | Mukesh Jangir | Assistant Manager | 03-Apr-17 | 7 | 4629 | Jeetram Choudhary | Executive | 07-Mar-19 | 5 |
| 3217 | Kedar Jangid | Senior Executive | 17-Apr-17 | 7 | 4643 | Dharam Singh | Area Manager | 08-Mar-19 | 5 |
| 3236 | Shubham Mehra | MIS | 04-May-17 | 6 | 4646 | Elam Singh Malviya | Area Manager | 09-Mar-19 | 5 |
| 3301 | Pappy Devi | House Keeper | 01-Jul-17 | 6 | 4659 | Virendra Singh Thakur | Assistant Branch Manager | 11-Mar-19 | 5 |
| 3400 | Deendayal Sharma | Area Manager | 02-Oct-17 | 6 | 4663 | Jitendra Kumar | Branch Manager | 11-Mar-19 | 5 |
| 3402 | Kamlesh Kumar Yadav | Regional Manager | 02-Oct-17 | 6 | 4665 | Rajesh Kumar Saini | Branch Manager | 11-Mar-19 | 5 |
| 3432 | Mukesh Kumar Prjapat | Senior Executive | 09-Oct-17 | 6 | 4668 | Bhagwan Sahai Yadav | Assistant Branch Manager | 12-Mar-19 | 5 |
| 3464 | Satish Kumar Jangir | Area Manager | 24-Oct-17 | 6 | 4670 | Gurwinder Singh | Assistant Branch Manager | 12-Mar-19 | 5 |
| 3573 | Avinash Dosaya | Senior Executive | 23-Nov-17 | 6 | 4694 | Manoj Kumar Sen | Assistant Branch Manager | 16-Mar-19 | 5 |
| 3594 | Vipen Kumar | Area Manager | 01-Jan-18 | 6 | 4729 | Mukesh Prajapat | Executive | 01-Apr-19 | 5 |
| 3602 | Neeraj Ray | Officer | 01-Jan-18 | 6 | 4755 | Rajesh | Assistant Branch Manager | 01-Apr-19 | 5 |
| 3611 | Avadhesh Kumar | Team Leader | 02-Jan-18 | 6 | 4790 | Sunil Kumar Yogi | Area Manager | 08-Apr-19 | 5 |
| 3631 | Shankar Dayal Saini | Team Leader | 01-Feb-18 | 6 | 4792 | Puran Mal Yadav | Area Manager | 08-Apr-19 | 5 |
| 3668 | Manish Dosaya | Senior Executive | 05-Mar-18 | 6 | 4796 | Gajendra Singh | Area Manager | 09-Apr-19 | 5 |
| 3776 | Omveer | Assistant Branch Manager | 10-May-18 | 5 | 4810 | Deepesh Kumar | Executive | 11-Apr-19 | 5 |
| 3780 | Surendra Jat | Senior Circle Manager | 14-May-18 | 5 | 4814 | Prakash Kumar | Executive | 15-Apr-19 | 5 |
| 3789 | Jai Kishan | Team Leader | 18-May-18 | 5 | 4826 | Jagmohan | Executive | 16-Apr-19 | 5 |
| 3821 | Vipin Kumar | Area Manager | 11-Jun-18 | 5 | 4841 | Ravinder Kumar | Area Manager | 24-Apr-19 | 5 |
| 3823 | Gopal Singh | Assistant | 13-Jun-18 | 5 | 4846 | Kamlesh Kumar Yadav | Assistant Branch Manager | 25-Apr-19 | 5 |
| 3824 | Chhotu Lal Sharma | Assistant | 13-Jun-18 | 5 | | | | | |

# DIGDARSHAN

*Digdarshan Issued Published in May 24 (For Jan to March 24)*

Edited & Compiled by :
**Ms. Divya Sharma**

Designed by: **Print Link**

***Digamber Capfin Limited***
J 54-55, Anand Moti, Himmat Nagar,
Gopalpura, Tonk Road, Jaipur-302018 Ph. : **0141 2700233 2700234**

Please send your contributions and feedback at digdarshan@digamberfinance.com

हमने विभिन्न स्त्रोतों से डेटा एकत्र किया है और उसका कोई श्रेय नहीं लेते हैं। जानकारी केवल मूल स्वामी है।

कंपनी तीसरे पक्ष से एकत्र की गई जानकारी, ग्राफिक्स या फोटो पर कोई दावा नहीं करती है।